जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/2020/75 दिनांक 6-2-21

प्रति,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध शिक्षा महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर (म.प्र.)

विषयः- स्नातक बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 (नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों हेतु) परीक्षा आवेदन पत्र में दर्शाये गये समस्त विषयों एवं प्रायोगिक विषय के असाइनमेंट (आंतरिक मूल्यांकन) के अंक विश्वविद्यालय की एम.पी. ऑनलाइन के जी2जी पोर्टल पर दिनांक 6-2-21 से 8-2-21 तक ऑनलाइन अपडेट करने हेतु ।

महोदय,

म.प्र. शासन उच्च शिक्षा विभाग (मंत्रालय) के आदेश क्रमांक एफ 770/2020/38-3 दिनांक 13.08.2020 एवं क्रमांक 811/969/2020/38/शा.-3 दिनांक 26.08.2020 के तहत सत्र 2019-20 की स्नातक/स्नातकोत्तर परीक्षाओं के संदर्भ में विस्तृत दिशा निर्देश जारी किये गये है ।

उपरोक्त निर्देशों के परिपालन में आप अपने महाविद्यालय के समस्त नियमित/भूतपूर्व/ए.टी.के.टी. छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन के अंक निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रुप से ऑनलाइन अपडेट करें ।

म.प्र. शासन के निर्देशों के अनुसार समस्त परीक्षार्थियों का परीक्षा परिणाम आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर घोषित किया जाना है ।

आप यह सुनिश्चित करें कि, किसी भी परीक्षार्थी के आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट करने से शेष न रहें । विश्वविद्यालय द्वारा आंतरिक मूल्यांकन के अंक अपडेट न होने की दशा में छात्र को अनुपस्थित मानकर परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया जावेगा । जिसका समस्त उत्तरदायित्व छात्र का स्वंय का एव महाविद्यालय के प्राचार्य के स्वंय का होगा । विश्वविद्यालय द्वारा किसी भी परिस्थिति में छात्र के ऑफलाइन आंतरिक मूल्यांकन के अंक मान्य नही किये जावेगे । निर्देशानुसार आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपिः-

1. श्रीमान अतिरिक्त संचालक, ग्वालियर, चंबल संभाग, मोतीमहल परिसर, ग्वालियर के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु ।
2. समस्त परीक्षाओं स्नातकोत्तर बी.एड. द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा जून-2020 हेतु सूचनार्थ ।
3. उप/सहा. कुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय), जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
4. कुलपति महोदया के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
5. कुलसचिव के निजि सहायक, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर ।
6. विश्वविद्यालय की बेबसाइट पर अपलोड हेतु ।
7. श्री संजय बरथरिया, एम.पी.ऑनलाइन प्रभारी, की ओर आवश्यक रुप से पोर्टल की लिंक खोले जाने संबंधी आवश्यक कार्यवाही हेतु सूचनार्थ ।

उपकुलसचिव (परीक्षा/गोपनीय)